## कोलकाता केंद्र में 'हिंदी भाषा की संरचना' पर तीन दिवसीय व्याख्यान

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में 'हिंदी भाषा



की संरचना' विषय पर तीन दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वभारती



विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन के संकटग्रस्त भाषा केंद्र के संकाय सदस्य, 'हिंदी टेक' वेब पत्रिका



के संपादक एवं युवा भाषाविज्ञानी डॉ. अरिमर्दन कुमार त्रिपाठी इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। आरंभ में केंद्र के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार 'सुमन' ने आमंत्रित वक्ता को चरखा देकर तथा केंद्र के अतिथि अध्यापक डॉ. ललित कुमार ने अंगवस्त्रम एवं सूत की माला से स्वागत किया। डॉ अरिमर्दन कुमार त्रिपाठी ने तीन दिनों तक पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को हिंदी भाषा के विभिन्न तकनीकी पक्षों की बारीकियों को विस्तार से बताया। इसके अंतर्गत



उन्होंने हिंदी भाषा की ध्वनि संरचना, शब्द संरचना, रूप और वाक्य संरचना, हिंदी कारक



व्यवस्था, उपवाक्य संरचना तथा हिंदी की पदबंध संरचना के अर्थ, स्वरूप एवं उनके विविध प्रकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ त्रिपाठी ने आज के समय में वैश्विक स्तर पर हिंदी के बढ़ते फैलाव एवं उनके प्रभाव तथा तकनीकी दृष्टि से मजबूत होती हिंदी की उपलब्धियों एवं सीमाओं पर भी बात की। तीन दिनों तक चले इस विशेष व्याख्यान से केंद्र के विद्यार्थियों को काफी अकादमिक लाभ मिला।